तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 2 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 फसल नुकसान की सूचना 72 घंटे में दें, तभी मिलेगा बीमा का लाभ



## खबर संक्षेप

### राज्योत्सव का शुभारंभ मिनी स्टेडियम में आज

**बैकुण्ठपुर**। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में राज्योत्सव का शुभारंभ 2 नवंबर को मुख्य अतिथि छग शासन के पर्यटन, सांस्कृतिक, धार्मिक न्यास एवं धर्मव विभाग मंत्री राजेश अग्रवाल के कर कमलों से किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, विधायक भरतपुर -सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया मोहित पैकरा, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, जनपद पंचायत बैकुंठपुर अध्यक्ष उदय सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाडे, शिवपुर चरचा नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल, अध्यक्ष जनपद पंचायत सोनहत श्रीमती आशा देवी सोनपाकर एवं अध्यक्ष नगर पंचायत पटना श्रीमती गायत्री सिंह की गरियामयी उपस्थिति में किया जाएगा। 2 नवंबर को शुभारंभ होने वाला राज्योत्सव आगामी 4 नवंबर तक चलेगा। आयोजित राज्योत्सव में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के विभागीय योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए स्टाल लगाए जाएंगे, इसके लिए कई दिनों पूर्व से शहर के मिनी स्टेडियम में जोर-शोर से तैयारियां चल रही है।



### महिला कर्मचारी ने नोडल अधिकारी पर लगाए आरोप

**मनेन्द्रगढ़**। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में पदस्थ एक महिला कर्मचारी ने जिला नोडल अधिकारी पर अभद्र व्यवहार का गंभीर आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत्य कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि 29 अक्टूबर को एक जिला नोडल अधिकारी द्वारा उनके साथ अमर्यादित भाषा में बात की गई। उन्होंने कलेक्टर से अपील किया है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर न्यायोचित कार्रवाई की जाए। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी से अभी आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है।

### अंग्रेजी शराब से लदी गाड़ी पलटी



**बैकुण्ठपुर**। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बरपारा गांव में शनिवार की सुबह अंग्रेजी शराब से लदी आबकारी विभाग की बड़ी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रक बिलासपुर से कोरिया जिले की ओर आ रहा था और इसमें चरचा कॉलरी, सोनहत एवं पंडोपारा स्थित दुकानों के लिए शराब लेकर जा रहा था। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ट्रक के पलटने से कई शराब की बोतलें टूटकर बिखर गइं। सूचना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस व आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण पाया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार चालक को हल्की चोटें आई हैं। हादसे के कारण कितना नुकसान हुआ, इसका आंकलन समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सका था।

## दिनभर गुलजार रहा बाजार, अब शुरु होंगे मांगलिक कार्य

# विधि-विधान से हुआ तुलसी विवाह, जमकर बिके गन्ने



गन्ने की हो रही बिक्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शनिवार को एकादशी का पर्व जिलेभर में भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि बीते 6 जुलाई से चातुर्मास लग गया था, इसके साथ ही भगवान विष्णु निद्रा में चले गए थे ,अब शनिवार 1 नवंबर को चार माह के योग निद्रा से भगवान विष्णु जागे इसे देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन से समस्त प्रकार के मांगलिक कार्यो पर लगी रोक भी हट गई।

दीपावली के बाद एकादशी को छोटी दीपावली के रूप में मनाया जाता है। लोगों के द्वारा इस दिन शाम ढलने के बाद घरों के दहलीज आंगन पर दीप जलाई जाती है, इस दिन भगवान विष्णु के साथ तुलसी की पूजा की जाती है, तुलसी को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। एकादशी के दिन भगवान विष्णु के साथ शनिदेव की पूजा भी की जाती है। एकादशी का पर्व जिलेभर में उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग उपवास रखकर शाम ढलने के बाद विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर लोगों द्वारा अपने घरों में दीए जलाए गए एवं विद्युत झालरों की रौशनी की गई।



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

### शहर में 150 रूपए जोड़ा बिका गन्ना

एकादशी पर्व के दिन तुलसी विवाह का आयोजन किया जाता है, इसके लिए गन्ने का मंडप तैयार की जाती है, इसके चलते बाजार में शनिवार को सुबह से ही गन्ने की बिक्री शुरू हो गई और अपरान्ह तक जमकर गन्ने की बिक्री की गई। जानकारी के अनुसार शनिवार को गन्ना 150 रूपए जोडे भी बिके, जबकि कुछ जगहों पर 100 रूपए जोड़े बिके।

### फूलों की महक बिखरी रही

एकादशी पर्व को लेकर शनिवार के दिन भी शहर का बाजार गुलजार रहा और फूलों की खूशबू शहर में बिखरी रही। शहर के हृदय स्थल कुमार चौक पर सुबह से ही पूजा सामग्रियों की खरीदी के लिए लोग जुटते रहे, इसके कारण बाजार में चहल-पहल बनी रही। कुमार चौक के चारों ओर फूलों की दुकाने लगी थी, इसके अलावा स्थाई फूलों के दुकानों में भी फूलों की जमकर खरीदी की गई।

### सोनहत में एकादशी पर्व का दिखा उत्साह

**सोनहत**। क्षेत्र स्तर पर 1 नवंबर को दिनभर विभिन्न वनांचल ग्रामों में एकादशी पर्व मनाने में ग्रामीण वर्ग खासे व्यस्त नजर आए। खासकर वनांचल ग्राम रामगढ़, अमहर, पोड़ी, बेलिया, बसेर आदि ग्रामों में ग्रामीण वर्ग पर्व व्रत रखकर अपने देवी देवताओं की पूजा करने दिनभर तैयारी करते रहे । एकादशी ग्रामीण अंचल का प्रमुख्य त्यौहार होने से स्थानीय स्तर पर किराना, पूजन सामग्री, ग्राम स्तर पर लालकंद, कुम्हड़ा आदि की खरीदी खासी बनी रही। एकादशी पर्व को लेकर शाम को घर, गौशाला, खेत, खलिहान आदि में दीपक हवन पूजन आदि जारी रहा।

### देवउठनी एकादशी पर बाजारों में रही रौनक



**मनेन्द्रगढ़**। देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर शनिवार को मनेन्द्रगढ़ नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में भक्तिभाव से ओत-प्रोत माहौल देखने को मिला। चार माह के चातुर्मास के बाद भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागने के इस दिन को लोगों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना की तैयारियों में जुट गए थे। नगर के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा एवं भगवान विष्णु का श्रृंगार कर भोग लगाया गया। मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और ऊठ जाग मेरे देव, तुलसी विवाह रचेंगे जैसे भजनों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। देवउठनी एकादशी को लेकर मनेन्द्रगढ़ के बाजारों में दिनभर चहल-पहल रही। पूजा सामग्री की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। सिंघाड़ा, गन्ना, मूंगफली, सेव, केला, नारियल, तुलसी दल, दीपक, रूई की बाती और अन्य पूजन सामग्री की मांग इतनी बढ़ गई कि कई दुकानदारों को अतिरिक्त स्टॉक मंगाना पड़ा। सुबह से लेकर देर शाम तक बाजारों में रौनक बनी रही। जगह-जगह बच्चों और महिलाओं ने खरीदारी करते हुए इस पारंपरिक पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया। घरों में भी भक्तों ने भगवान विष्णु और माता तुलसी की पूजा के लिए सुंदर सजावट की। आंगनों और मंदिरों को रंगोली, फूल-मालाओं और दीपों से सजाया गया। संध्या के समय कई स्थानों पर तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर तुलसी विवाह के गीत गाए, पूजा की और आरती उतारी। इस अवसर पर परिवारों में उल्लास का माहौल रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं और इसी के साथ शुभ व मांगलिक कार्यों की शुरूआत मानी जाती है। इस दिन से विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण, उपनयन संस्कार जैसे शुभ कार्यों की अनुमति शुरू होती है। कई परिवारों ने इस अवसर पर विवाह की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी हैं।

**नगर के प्रमुख मंदिरों**: खाटू श्याम मंदिर, हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर तथा तुलसी चौरा में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जगह-जगह भजन-कीर्तन के आयोजन हुए और भक्तों ने भगवान विष्णु के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। शाम होते ही दीपों की जगमगाहट से पूरा नगर आस्था के रंग में रंग गया। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ इस पर्व को मनाते हुए भगवान विष्णु से समृद्धि, शांति और सुख की कामना की।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# 24 घंटे में लूटकांड का खुलासा, तीन पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

- नगदी व मोबाइल बरामद, चरचा पुलिस ने किया खुलासा

जिले के चरचा पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर भाकर राम लूटकांड का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नगदी और मोबाइल फोन बरामद किया है। घटना 30 अक्टूबर 2025 की है।

बिरडावास निवासी भाकर राम 28 वर्ष, जो जलेबी बेचने का काम करता है, रात में दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान व्हीटीसी कॉलोनी, चेरहापारा गली रोड के पास तीन युवक रितेश मोगरे पिता सुरेश, शाहिल पिता शिवपाल, चप्पू उर्फ विकास मोगरे पिता सुरेश मोगरे ने उसे रोककर मारपीट की और 4000 नगद तथा जियो कीपैड मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ति की रिपोर्ट पर थाना चरचा में अपराध क्रमांक 221/2025 धारा 309 (6), 296, 351 (2), 3(5) भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए यह भी खुलासा किया कि 14 अक्टूबर को पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने जैनुद्दीन मंडल संचालक जोया ज्वेलर्स, चरचा के साथ मारपीट की थी। निशानदेही पर पुलिस ने 1900 नगद तथा लगभग 1000 मूल्य का जियो कीपैड मोबाइल बरामद किया।

आरोपियों को 1 नवंबर को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि तीनों आरोपी पहले भी कई आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रह चुके हैं। इस कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) राजेश साहू के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम में उप निरीक्षक अनिल सोनवानी, उप निरीक्षक बालेश्वर महानंदी, सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक अमित त्रिपाठी, शशिभूषण, बृजेश सिंह, आरक्षक राजेन्द्र सिंह, सैनिक जयसिंह, अजय राजवाड़े एवं सैनिक राजेश टांडे का विशेष योगदान रहा।



# श्री श्याम कार्तिक महोत्सव पर नगर में निकली यात्रा

**मनेन्द्रगढ़**। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में शनिवार को श्रद्धा और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला, जब श्री श्याम कार्तिक महोत्सव के शुभ अवसर पर भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया।

यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु झूमते, नाचते और जय श्री श्याम, शीश के दानी की जय के जयकारे लगाते आगे बढ़ते रहे। यात्रा में शामिल भक्तों के हाथों में सजे निशान और पताकाएं पूरे माहौल को भक्तिमय बना रहे थे। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में, बच्चे रंग-बिरंगे कपड़ों में और पुरूष सिर पर साफा बांधे हुए पूरे उत्साह के साथ खाटू श्याम के नाम की डोरी में बंधे नजर आए। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर निशान यात्रा का स्वागत किया। रास्ते भर भजन-संकीर्तन की गूंज से वातावरण में दिव्यता छाई रही। श्री श्याम सेवा समिति मनेन्द्रगढ़ द्वारा आयोजित इस यात्रा का समापन श्री श्याम मंदिर परिसर में किया गया, जहां भक्तों ने खाटू नरेश के दरबार में निशान अर्पित किए। मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी, रंग-बिरंगे फूलों और सजावट से सजाया गया था। भक्तों की भीड़ देर रात तक श्याम तेरी बात निराली रे जैसे भजनों पर झूमती रही। शाम को आयोजित भजन संध्या में क्षेत्र के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति दी। इसके साथ ही महाआरती, छप्पन भोग और प्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि कार्तिक माह में प्रतिवर्ष यह महोत्सव आयोजित किया जाता है और हर बार श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होती जा रही है।

### टांगी से वार कर भाभी की हत्या

**अम्बिकापुर**। मामूली विवाद पर ग्रामीण ने अपनी भाभी की टांगी से मारकर हत्या कर दी। मारपीट से घायल महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा ई कि गांधीनगर थाना अंतर्गत बिशुनपुर के गोरसीडबरा निवासी मृतिका 55 वर्षीया सोनमतिया पति तिरल बरगाह और उसके देवर गोपी उर्फ कुंभकरण का घर अगल बगल है। 30 अक्टूबर को गोपी अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। हल्ला गुल्ला सुनकर जब ग्रामीण की भाभी भी मौके पर पहुंची और मारपीट करने से मना किया। इस दौरान आक्रोशित गोपी ने अपनी भाभी से कहा कि तुम बोलने वाली कौन होती हो जिसके बाद देवर भाभी में विवाद शुरू हो गया। महिला ने अपने देवर को घर से दूर जाकर पत्नी से झगड़ने की बात कही जिससे आक्रोशित होकर गोपी ने घर में मौजूद टांगी से अपनी भाभी सोनमतिया पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गया। इधर हमले से गंभीर महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान के शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस ने बिशुनपुर क्षेत्र में टांगी के साथ छिपे हुए आरोपी को हिरासत में लेने के साथ ही उसके पास से टांगी जब्त कर लिया है।




## एसईसीएल में हर्षोल्लास के साथ मना कोल इंडिया स्थापना दिवस

# स्थापना दिवस पर बैकुंठपुर क्षेत्र में 117 कर्मी पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





1 नवंबर एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में कोल इंडिया लिमिटेड के एक्कावनवी स्थापना दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीएन झा द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में श्री झा ने कोल इंडिया परिवार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संगठन के गौरवशाली इतिहास और इसकी सामाजिक प्रतिबद्धता को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को कोल इंडिया के मूल मूल्यों ईमानदारी, प्रतिबद्धता, नवाचार, सहानुभूति एवं सहयोग को अपने कार्य और व्यवहार में अपनाना चाहिए। कार्यस्थल के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों की खुशहाली और सुरक्षा का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है, ⏭ शेष पेज 4 पर

### पेंशनभोगी कर्मियों के लिए लगेगा दो दिवसीय शिविर



**चरचा कॉलरी**। कोयला खान पेंशनभोगियों के पेंशन भुगतान में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए प्रतिवर्ष जीवन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी पेंशन भोगियों को नवंबर माह में जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होगा। पेंशनरों की सुविधा के लिए भारत सरकार ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान (डीएलसी) 4.0 शुरू किया है, जिसके तहत पूरे नवंबर माह तक प्रमाण पत्र डिजिटल माध्यम ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### बारिश पानी से फिलहाल राहत

**सोनहत।** खंड स्तर पर 1 नवंबर को सबेरे से पूरे दिनभर बारिश नहीं होने से खासकर किसानों ने आंशिक राहत ली है। हालांकि बारिश नहीं होने से किसानी काम को कोई गति नहीं मिली। दिनभर आसमान में गहरे बादलो का डेरा होने से बारिश होने के आसार बनते रहे। बारिश पानी नहीं होने से आने वाले दिनों में किसान अपने खेत-खलिहानों में धूप आने की आश में हल्की छुटपुट तैयारी करने दिनभर लगे रहे। बारिश पानी के असर से खासकर आलू बीज की बिकवाली काफी कम होना स्थानीय व्यापारिक संस्थानों ने बताया है। खंड स्तर पर हल के दिनों में हुए बारिश पानी के बने मौसम से आने वाले दिनों में क्षेत्र स्तर पर व्यापक ठंड पड़ने के आसार नजर आने लगे हैं। स्थानीय जानकार किसानों ने बताया कि मौसम के साफ होते ही कड़ाके की सर्दी पड़ना लगभग तय है। मौसमी बदलाव के असर से पूरा वातावरण पूरी तरह सर्द बन गया है।

### 32.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 32.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर में 25 मिली मीटर, कोतमा में 20 मिलीमीटर, बिजुरी में 29.4 मिलीमीटर, जैतहरी में 28 मिली मीटर, वेंकटनगर में 34.7 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 32.6 मिली मीटर, अमरकंटक में 67 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 24.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

### राष्टीय एकता को मजबूत बनाने का लिया गया संकल्प

**अनूपपुर।** लौह पुरूष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्टीय एकता, स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए राष्टीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ समारोह एवं रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि जब देश 1947 में आजाद हुआ था तो देश के सामने 565 से अधिक विपरीत विचार वाले भारतीय रियासतों के एकीकरण की चुनौती थी।

### प्रेमिका से दुष्कर्म करने के बाद फेंका पुलिया से नीचे

**सीतापुर।** युवक ने मिलने के बहाने पहले अपनी प्रेमिका को बुलाया फिर उससे शारीरिक संबंध की इच्छा जताई। प्रेमिका जब तैयार नहीं हुई तो गुस्साए युवक ने पहले उसकी पिटाई की फिर उसके साथ जबरन अनाचार किया। इतने में युवक का मन नहीं माना तब उसने अपनी प्रेमिका को उठाकर पुलिया के नीचे नाले में फेंककर फरार हो गया। इस घटना के बाद बेहोश हुई प्रेमिका ने होश आने के बाद घरवालों को सूचित किया और रात को थाने आकर युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**न्यायालय-द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

व्यवहार वाद क्र.-63 अ/2025
दिनांक 28.10.2025
सुखमती वगै. प्रति सहायक आयुक्त वगै.
**Process no.** 57/25

प्रति,
01. सुखमती आ. नन्दलाल उम्र करीब 21 वर्ष 02. स्वाती आ. नन्दलाल उम्र करीब 17 वर्ष (नाबालिग) 03. अनुज बखला आ. नन्दलाल बखला, उम्र 13 वर्ष (नाबालिग) 04. मनीष बखला आ. नन्दलाल उम्र 12 वर्ष (नाबालिग) क्र. 02 से 04 नाबालिग वली नैसर्गिक संरक्षक पिता नन्दलाल आ.कुंवर साय 05. नन्दलाल आ. कुंवरसाय उम्र 44 वर्ष, पेशा मजदूरी सा. उपरपारा वार्ड नं 17 बसदेवपुर, बैकुण्ठपुर, पोस्ट पतरापाली थाना व तह. बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

प्रति,
01. सहायक आयुक्त, कलेक्ट्रेट परिसर, मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. 02. छ.ग. शासन द्वारा कलेक्टर, एम.सी.बी. छ.ग. 03. सर्व साधारण

उक्त प्रकरण के विषय से संबंद्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए इस न्यायालय के समक्ष तारीख दिनांक 21.11.2025 को दिन में 11.00 बजे हाजिर हो। उपरोक्त दिनांक को आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण की पैरवी हेतु उपस्थित हो यदि पेशी के नियत दिनांक को कोई आकस्मिक अवकाश होने की दशा में आगामी दिनांक को न्यायालय खुलने पर उपस्थित हों। आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय विचारण किया जायेगा।

यह आज तारीख 28.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगकर दी गई।

(श्रीमती प्रेरणा आहिरे)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

## सरगुजा रेंज के आईजी दीपक हुए साइबर सुरक्षा संवाद में शामिल

# डिजिटल युग में जागरूक रहना ही सबसे बड़ी सुरक्षा- झा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) दीपक झा शनिवार को चौघड़ा में आयोजित साइबर सुरक्षा संवाद एवं साइबर जन-जागरूकता अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंच पर जिले की पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत में एसपी रत्ना सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आईजी दीपक झा का स्वागत किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम सीएसपी दीपिका मिंज ने साइबर अपराध से जुड़ी घटनाओं को उपस्थितजन के समक्ष साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे छोटे-छोटे असावधानी भरे कदम हमें ऑनलाइन ठगी का शिकार बना सकते हैं और इससे बचने के लिए क्या सर्तकताएं आवश्यक हैं। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों की जानकारी दी और लोगों को क्लिक करने से पहले सोचे का संदेश दिया। इसी क्रम में रमेश यादव ने अपने साथ घटित एक साइबर ठगी की घटना को साझा करते हुए सभी को सावधान रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में एसडीओपी एलेक्स टोप्पो, कोतवाली प्रभारी सुनील तिवारी, चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह जनकपुर थाना प्रभारी ओपी दुबे सहित जिले के कई पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही डीईओ आरपी मिरे, पंकज जैन संचेती, संजीव ताम्रकार, आनंद अग्रवाल, जयचंद बोथरा, मनीष अग्रवाल, गणेश सोनी सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

मंच संचालन शिव चौधरी द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थितजन का आभार प्रदर्शन एसडीओपी एलेक्स टोप्पो ने किया। इस अवसर पर आईजी दीपक झा ने युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा, आत्म-सुरक्षा के समान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल्स, पासवर्ड आदि किसी के साथ साझा न करें और संदिग्ध लिंक या कॉल से हमेशा सावधान रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने साइबर अपराध से बचाव और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में साइबर जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

# फसल नुकसान की सूचना 72 घंटे में दें, तभी मिलेगा बीमा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

**खरीफ 2025 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू**



किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए छग शासन द्वारा खरीफ 2025 सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। योजना के लाभ सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग ने किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों से अपील की है कि जो किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमित हैं, यदि उनकी फसल को असामयिक वर्षा, ओलावृष्टि, सूखा, कीट प्रकोप, बिजली गिरने या किसी अन्य प्राकृतिक आपदा से नुकसान होता है, तो वे 72 घंटे के भीतर संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना अवश्य दें। निर्धारित समय-सीमा में सूचना न देने पर बीमा दावा प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है और किसानों को बीमा का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा। किसान अपनी शिकायत या नुकसान की जानकारी दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर 14447 या 1800-419-0344 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा वे अपने निकटस्थ लोक सेवा केन्द्र जनपद या तहसील कृषि कार्यालय, बीमा कंपनी कार्यालय अथवा सरकारी टोल फ्री सेवाओं के माध्यम से भी जानकारी दे सकते हैं। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि फसल कटाई के बाद खेत में रखी उपज को किसी आपदा से नुकसान होता है, तो ऐसी स्थिति में किसान को 14 दिनों के भीतर सूचना देना आवश्यक है। समय पर सूचना देने से बीमा दावा शीघ्र प्रक्रिया में लाया जा सकेगा और किसानों को उनका अधिकतम आर्थिक लाभ समय पर प्राप्त हो सकेगा। कृषि विभाग ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा या फसल नुकसान की स्थिति में निर्धारित समय-सीमा के भीतर सूचना देकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ अवश्य लें। विभाग ने कहा कि समय पर सूचना देना ही फसल बीमा लाभ का पहला कदम है, इसलिए किसान अपनी फसलों को सुरक्षित रखने के लिए सजग और सतर्क रहें।

# उत्तरी छग के साहित्य की बस्तर में गूंज




**मनेन्द्रगढ़।** दक्षिणी छग के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित कवि सम्मेलन में उत्तरी छग के रचनाकारों की कविताओं की गूंज से देशभर के साहित्यकार परिचित हुए। मनेन्द्रगढ़ के वरिष्ठ कवि बीरेन्द्र श्रीवास्तव की कविता मैं जिस मिट्टी में जन्मा हूं, वह सुरगुंजा की माटी है अपभ्रंशो ने सरगुजा कहा, कोरिया की कारी माटी है की प्रस्तुति ने सरगुजा और बस्तर की संस्कृति और आदिवासी जनजीवन को वनवासी राम की यादों से जोड़ दिया।

उन्होंने अपनी कविताओं में शहर में बदलते गांव की ऐसी तस्वीर प्रस्तुत की, जिसके आलोक से पूरा जगदलपुर आलोकित हो गया। चेम्बर आफ कामर्स सभागार में आयोजित इस कवि सम्मेलन का संचालन कर रही अंचल की चर्चित कवियत्री श्रीमती अनामिका चक्रवर्ती ने छोटी-छोटी रचनाओं के साथ कवियों को आमंत्रित कर सधे हुए संचालन की प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं अपनी मानवीय संवेदनाओं के गहन विचारों की चर्चित कविताओं से लोगों का मन मोह लिया। मनेन्द्रगढ़ की माटी के रचनाकार पुष्कर तिवारी की कविताओं और गीत प्रस्तुति से मंच अभिभूत हो गया।

मनेन्द्रगढ़ के उभरते गायक एवं कवि रमेश गुप्ता की गजलों की प्रस्तुति से श्रोता झूम उठे और प्रत्येक शेर पर वाहवाही दी। इस अवसर पर बीरेन्द्र श्रीवास्तव की चुनी हुई कविताएं एवं रमेश गुप्ता के गजल वीडियो का लोकार्पण भी किया गया। जगदलपुर के वरिष्ठ साहित्यकार विजय सिंह द्वारा स्थापित ठाकुर पूरन सिंह स्मृति 28 वें सूत्र सम्मान समारोह 2025 इस वर्ष जगदलपुर में आयोजित किया गया। इसमें देशभर के चुने हुए साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर संध्या काल में आयोजित यह कवि सम्मेलन पूर्व संभागायुक्त, विद्वान कवि, साहित्यकार डॉ.संजय अलंग के मुख्य अतिथ्य एवं संपादक तथा वरिष्ठ साहित्यकार राजा राम त्रिपाठी की अध्यक्षता और संपादक सुधीर सक्सेना के विशिष्ट अतिथ्य में संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर राष्टीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने छात्राओं को राष्टीय एकता दिवस के महत्व और सरदार पटेल के योगदान की विस्तृत जानकारी दी।

तत्पश्चात उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्राओं को राष्टीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद विविधता में एकता भारत की सबसे बड़ी शक्ति और चुनौती विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसमें 20 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा एमए समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय अमृता बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर, तृतीय काजल बीएससी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पाण्डेय, जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक-कर्मचारी एवं अतिथि भारत सिंह, श्रीमती कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन उपाध्याय, डॉ. ज्ञान चंद्र पाल, बिक्की राम, विनय गुप्ता, सुमित मिश्रा, विजय कुमार, मो. अमजद, सुश्री रिचा चेलकर, सुश्री दीप्ति केरकेट्टा, सुश्री मेघा डाहिरे, सुश्री विनीता पटेल, चंदन सिंह पटेल, विपिन कुमार सिंह, महेन्द्र सिंह, श्रीमती प्रतिमा उपाध्याय, तेजी लाल कुजूर, भागवत प्रसाद साहू, सतेन्द्र पैकरा, बिन्यामिन लकड़ा, श्रीमती उर्मिला एवं श्रीमती अनिता उपस्थित रहे।

# रामानुज महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मना

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा छग शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में राष्टीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर के संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति एवं प्रो. अनुरंजन कुजूर के संयोजन में किया गया। यह आयोजन लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को समर्पित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

प्रथम दिवस की गतिविधियों के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति नृत्य एवं राष्टीय एकता शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अनुरंजन कुजूर ने सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रमों निबंध, परिचर्चा, पोस्टर, रंगोली, चित्रकला, क्विज तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान की जानकारी प्रदान की, इसके बाद संजना, दिव्या, नीरज व साथियों तथा नीलम चौधरी एवं समूह ने देशभक्ति सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वहीं सुशील एवं धनेश्वर के समूह ने सरदार पटेल के जीवन पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. हिमधर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल एक दूरदर्शी राजनेता और राष्टीय एकीकरण के महान शिल्पी थे। उन्होंने आजादी के बाद 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं को माई भारत पोर्टल पर पंजीयन कर 150 प्लेटफॉर्म के अंतर्गत निबंध, क्विज एवं 30 सेकंड का रील/वीडियो बनाकर अपलोड करने एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### जनकपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध आयोजन



मनेन्द्रगढ़। शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्टीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती में समर्पित राष्टीय एकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार वर्मा के द्वारा सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा वल्लभ भाई पटेल के जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किया गया। राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.परमानंद के द्वारा सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। राजनीति शास्त्र के अतिथि व्याख्याता आशुतोष वर्मा के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल पटेल द्वारा समाज सुधारक से लेकर महत्वपूर्ण राजनीतिक निर्णयों के बारे में बताया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल वर्मा के द्वारा सरदार पटेल के जीवन से संबंधित रोचक तथ्यों के बारे में बताया गया।

### फलदार पौधरोपण और पदयात्रा के साथ मना राष्ट्रीय एकता दिवस




नागपुर। भारत के लौह पुरुष देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को प्रदेशभर में राष्टीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एमसीबी जिले के नागपुर पुलिस चौकी में भी सुबह 10:30 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राष्टीय एकता की शपथ ली गई। शपथ लेने के बाद नागपुर चौराहे से पुलिस चौकी, गैस गोदाम तक पदयात्रा निकाली गई। इसमें पुलिस स्टाफ, ग्रामीणजन एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा पुलिस चौकी परिसर में फलदार पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम में नागपुर पुलिस चौकी प्रभारी शेषनारायण सिंह ने सरदार पटेल जी के जीवन एवं राष्ट निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने उपस्थित जनसमूह और विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचाव संबंधी जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय राय, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र, भाजपा मंडल महामंत्री अमित राय, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल जायसवाल, सरोज जायसवाल, राजेश ठाकुर, कृष गोपाल केसरवानी, विद्यासागर केसरवानी, शैलेश जायसवाल, नीरज राय, प्रधान आरक्षक मुमताज खान, आरक्षक अरविंद मिश्रा, आदित्य कुमार, मुनीम सेन, विनोद साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

### राष्टीय एकता दिवस: नागरिकों ने ली एकता की शपथ



**मनेन्द्रगढ़।** भारत के लौह पुरुष और स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर जिलेभर में राष्टीय एकता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रशासन, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक तथा विद्यार्थी एक स्वर में देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के संकल्प के साथ आगे आए। मुख्य समारोह कलेक्टोरेट परिसर स्थित कलेक्टर न्यायालय कक्ष में आयोजित हुआ, जहां कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने जिला कार्यालय के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्टीय एकता शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एकीकृत कर आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी थी। कलेक्टर ने कहा कि एकता केवल शब्द नहीं, बल्कि राष्ट की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए समाज में सद्भाव, भाईचारे और सहयोग की भावना बनाए रखनी चाहिए। राष्टीय एकता दिवस पर जिले के सभी प्रमुख विभागों जिला पंचायत, नगर निगम, राजस्व, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, वन, आदिवासी विकास एवं कृषि विभाग में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस लाइन, चिरमिरी में पुलिस अधीक्षक ने जवानों को एकता शपथ दिलाई। वहीं जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने ग्राम स्तर पर एकता शपथ लेकर राष्टीय एकजुटता के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्थापना दिवस पर...

क्योंकि परिवार ही हमारी ऊर्जा का आधार है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से पर्यावरण संरक्षण और हरित खान प्रबंधन की दिशा में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया। श्री झा ने कहा कि हर अधिकारी एवं कर्मचारी को स्थानीय समुदायों, सहकर्मियों और सभी हितधारकों के साथ नैतिक, पारदर्शी एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा पदोन्नति प्राप्त कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पदोन्नति न केवल उपलब्धि का प्रतीक है, बल्कि यह नई जिम्मेदारियों और बड़े लक्ष्यों की ओर कदम बढ़ाने की प्रेरणा भी है। इस अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कोल इंडिया स्थापना दिवस को अत्यंत उत्साहपूर्वक मनाया। समारोह के दौरान सभी ने एकजुट होकर संगठन की प्रगति और राष्ट निर्माण में इसके योगदान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष मानव संसाधन गौरव दुबे ने बताया कि बैकुंठपुर क्षेत्र में कुल 117 कर्मचारियों को पदोन्नत चयन किया गया।

### पेंशनभोगी कर्मियों के...

से जमा किए जा सकते हैं। इसी उद्देश्य से सीएमपीएफओ बिलासपुर/जबलपुर एवं एसईसीएल के संयुक्त तत्वावधान में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नवंबर भर एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर लगाए जा रहे हैं। बैकुंठपुर क्षेत्र के पेंशनभोगियों के लिए यह शिविर 20 और 21 नवंबर को आयोजित होगा। शिविर का स्थान महाप्रबंधक कार्यालय, एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र निर्धारित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पेंशनभोगी अपने पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ), आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ शिविर में उपस्थित होकर आसानी से अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।







